# पुनरावर्तन (Revision)

1) प्रश्न उत्तर

## कविता 1

1) सुखद सुहानी किसे कहा गया है?
→ सुबह के समय को सुखद सुहानी कहा गया है।

2) आसमान में लालिमा क्यों छा गई है?
→ सूरज के उदय होने के कारण आसमान में लालिमा छा गई है।

3) सूरज के निकलने पर क्या गायब हो जाता है?
→ सूरज के निकलने पर अँधेरा गायब हो जाता है।

4) जब सूरज उगता है तो कैसा नजारा देखने को मिलता है?
→ सूरज के उगने पर आसमान में लालिमा छा जाती है, पक्षी चहकते है, फूल खिलते है और ठंडी हवा बहने लगती है।

5) सूरज निकलते समय और सूरज ढलते समय क्या अंतर दिखाई देता है?
→ i) सूरज निकलते समय आसमान में लालिमा छा जाती है और दिन की शुरुआत होती है।
ii) सूरज ढलते समय आसमान में नारंगी रंग छा जाता है और दिन समाप्त होने लगता है।

6) आपको सुबह का समय अच्छा लगता है या रात का क्यों?
→ मुझे सुबह का समय अच्छा लगता है क्योंकि यह ताजगी और नई शुरुआत का समय होता है।

# पाठ 2

1) बादशाह का नाम क्या था?
→ बादशाह का नाम अकबर था।

2) बीरबल ने अपने घर बादशाह को क्या खाने के लिए बुलाया था?
→ बीरबल ने अपने घर बादशाह को खिचड़ी खाने के लिए बुलाया था।

3) बीरबल ने किन लोगों की मदद के लिए बादशाह से कहा?
→ बीरबल ने गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए बादशाह से कहा।

4) राजा की आँखो पर कौन सी पट्टी बँधी थी?
→ राजा की आँखो पर गरीबों की समस्या और उनकी जरूरतों के प्रति अनदेखी करने की पट्टी बँधी थी।

5) बीरबल की खिचड़ी क्यों नहीं बन पाई?
→ क्योंकि आग और बरतन के बीच बहुत दूरी थी जिससे बरतन तक गरमी नहीं पहुँच पा रही थी।

6) बीरबल ने दावत में क्या-क्या पकवान बनाए होगे?
→ बीरबल ने दावत में विभिन्न प्रकार के पकवान जैसे :- कचौड़ी पूरी, हलवा, अनेक सब्जियाँ और मिठाइयाँ बनाई होगी।

# पाठ 3

1) किन तसवीरों को देखकर स्वीटी को बुरा लगा ?
→ स्वीटी द्वारा बनाई गई उदास और रोनी सूरत वाली तसवीरों को देखकर स्वीटी को बुरा लगा।

2) स्वीटी की हँसी देखकर कौन एक साथ बोले ?
→ स्वीटी की हँसी देखकर सभी खिलौने एक साथ बोले।

3) स्वीटी जब नींद से जागी तब उसका चेहरा अच्छा क्यों नहीं लग रहा था ?
→ क्योंकि उसकी मुसकान कहीं गायब हो गई थी।

4) स्वीटी की मुसकान कैसे वापस आई ?
→ स्वीटी ने अपनी कापी में उदास चेहरो को मिटाकर मुसकराते चेहरे बनाए। मुसकराते चेहरों को देखकर स्वीटी की मुसकान वापस आई।

5) मुसकान मिल गई पाठ से क्या सीख मिलती है ?
→ यह पाठ हमें मुसकान और खुशी का महत्व सिखाने की सीख देता है।

6) स्वीटी की मुसकान क्यों गायब हो गई ?
→ स्वीटी की मुसकान इसलिए गायब हो गई क्योंकि वह उदास और चिंतित थी।

## चित्रवर्णन - 1

Page no. 11

1) यह किस समय का चित्र है?
→ यह सुबह के समय का चित्र है।
2) इस चित्र में क्या - क्या दिखाई दे रहा है?
→ पेड़, बच्चे, बूढ़े, कुत्ता आदि।
3) इस चित्र मे कितनी चिड़ियाँ है?
→ इस चित्र मे दो चिड़ियाँ है।
4) बच्चा किससे खेल रहा है?
→ बच्चा गेंद से खेल रहा है।

## चित्रवर्णन - 2

Page no. 38

1) कठफोड़वें की चोंच कैसी होती है?
→ कठफोड़वें की चोंच लंबी और नुकीली होती है।
2) कठफोड़वा अपनी चोंच से क्या कर सकता है?
→ कठफोड़वा अपनी चोंच से किसी भी चीज़ में छेद कर सकता है।
3) बच्चा क्या लेकर जा रहा है?
→ बच्चा पोटली लेकर जा रहा है।
4) चित्र में कठफोड़वा के अलावा दूसरा पक्षी कौन सा है?
→ चित्र में कठफोड़वा के अलावा दूसरा पक्षी बुलबुल है।

## चित्रवर्णन - 3

Page no. 66

1) लोमड़ी क्या सोच रही है?
→ लोमड़ी सोच रही है कि गुफ़ा में कोई खतरनाक जानवर होगा।
2) लोमड़ी किसके बाहर खड़ी थी?
→ लोमड़ी गुफ़ा के बाहर खड़ी थी।
3) चित्र में पैरों के कितने निशान है?
→ चित्र में पैरों के दस निशान है।
4) चित्र में क्या - क्या दिखाई दे रहा है?
→ पेड़, गुफ़ा, लोमड़ी, पत्थर, पैरों के निशान, घास आदि।

दिए गए संज्ञा शब्दों को छाँटकर लिखो।
स्वीटी, शीशा, बादशाह, फुटबॉल, बीरबल, पेंसिल, कुरसी, हँसी, स्कूल, बस्ता, मुसकान, मशाल, बस्ती, आनंद, घड़ी, उदास, शाम, बगीचा, सोहम, घर

| व्यक्ति का नाम | चीज का नाम | जगह का नाम | भाव का नाम |
|---|---|---|---|
| स्वीटी | शीशा | स्कूल | हँसी |
| बादशाह | फुटबॉल | बस्ती | मुसकान |
| बीरबल | पेंसिल | बगीचा | आनंद |
| शाम | कुरसी | घर | उदास |
| सोहम | बस्ता | | |
| | मशाल | | |
| | घड़ी | | |

# गिनती 1 से २० तक

१ - एक
२ - दो
३ - तीन
४ - चार
५ - पाँच
६ - छह
७ - सात
८ - आठ
९ - नौ
१० - दस

११ - ग्यारह
१२ - बारह
१३ - तेरह
१४ - चौदह
१५ - पंद्रह
१६ - सोलह
१७ - सतरह
१८ - अठारह
१९ - उन्नीस
२० - बीस

* वचन बदलो।

1) घड़ी - घड़ियाँ
2) कली - कलियाँ
3) बिखरा - बिखरे
4) चिड़िया - चिड़ियाँ
5) बस्ती - बस्तियाँ
6) मशाल - मशालें
7) घटना - घटनाएँ
8) सेवा - सेवाएँ
9) खिलौना - खिलौने
10) चेहरा - चेहरे
11) पेंसिल - पेंसिलें
12) बिल्ली - बिल्लियाँ

* सही शब्दों को गोला करो।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1) | खिचड़ी | खीचड़ी | खिचढ़ी |
| 2) | स्वादिष्ट | स्वादिस्ट | स्वादीष्ट |
| 3) | मषाल | मसाल | मशाल |
| 4) | पकबान | पकवान | पाकवान |
| 5) | मुसकान | मुस्कान | मूसकान |
| 6) | गुढ़िया | गुड़िया | गूड़िया |
| 7) | खिलोना | खिलौन | खिलौना |
| 8) | अँधेरा | अधेरा | अंधेरा |
| 9) | घड़ियाँ | घड़ीया | गड़ियाँ |
| 10 | सुरज | सूरज | सूरझ |

* समान तुक वाले शब्द (rhyming words)

1) फलियाँ - कलियाँ
2) बात - रात
3) काली - लाली
4) मणियाँ - घड़ियाँ
5) आई - छाई
6) चहक - महक

संज्ञा शब्दों को गोला करो।

| | | |
|---|---|---|
| बीरबल | घुमना | खिचड़ी |
| हँसना | मशाल | रात |
| इशारा | चहक | बरतन |
| पेड़ | पकवान | धीमी |
| महक | पक्षी | सुखदाई |
| अँगड़ाई | घड़ियाँ | बाग |
| फुटबॉल | उदासी | नीचे |
| गायब | बिल्ली | बोलना |
| तुम्हारा | जागना | माँ |
| पेंसिल | कूदना | भागा |